फोर्ट बेंड काउंटी वेटरंस कोर्ट प्रोग्राम

The Fort Bend County Veterans' Court Program

हमारी आज़ादी के लिए सेना में काम करने वाले महिला और पुरुष एक भारी कीमत चुकाते हैं और यह कीमत उनकी सेवाएँ समाप्त होने के बरसों बाद भी जारी रहती है। The Fort Bend County Veterans' Court Program (फोर्ट बेंड काउंटी वेटरंस कोर्ट प्रोग्राम), अपराध के आरोप का सामना कर रहे, हमारी सेना में काम करने वाले ऐसी ही पुरुषों और महिलाओं को अपनी जिंदगी पटरी पर वापस लाने का एक अवसर देता है।

संक्षिप्त विवरण:

The Fort Bend County Veterans' Court Program ऐसे सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों को न्यायिक देखरेख में समाधान उपलब्ध कराने की सुविधा देता है, जो एक या उससे अधिक आपराधिक मामलों में अभियोग का सामना कर रहे हैं। यह कार्यक्रम सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों को परंपरागत आपराधिक न्याय प्रक्रिया से निकालकर पुनर्वास के बेहतर विकल्प वाली न्याय प्रक्रिया में लाने पर ज्यादा केंद्रित है। इस कार्यक्रम में दाखिल होने के लिए सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों के लिए जाँच, मूल्याँकन और मंजूरी आवश्यक होती है। एक बार जब यह प्रक्रिया पूरी हो जाती है, तो प्रत्येक सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी की जरूरत के मुताबिक तैयार किया गया ट्रीटमेंट प्रोग्राम शुरू हो जाता है।

ध्येय:

इसका ध्येय है- सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों को पारंपरिक आपराधिक न्याय प्रणाली से निकालकर, सफलतापूर्वक उनका पुनर्वास करवाना। उन्हें ऐसी सुविधा देना जिससे वे अर्थपूर्ण और कानून का सम्मान करने वाली जीवनशैली अपना सके और अपनी मानसिक अवस्था में सुधार करते हुए समाज की मुख्यधारा में फिर से शामिल हो सकें।

लक्ष्यः

इस प्रोग्राम का लक्ष्य पुनर्वास के योग्य सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों की पहचान करना, उनकी जरूरतों का आँकलन करना, उन्हें मदद पहुँचाना, उनकी देखरेख करना और उन्हें समाधान के ऐसे विकल्प उपलब्ध कराना है, जिससे वे फिर से समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सके और उनके आपराधिक मुकदमे/मुकदमों का समाधान हो सके।

पात्रता मापदंडः

- सेवानिवृत्त या रिजर्व बल , नैशनल गार्ड या स्टेट गार्ड सहित संयुक्त राज्य अमेरिका सशस्त्र बल (यूनाइटेड स्टेट आर्म्ड फ़ोर्सेज) में वर्तमान में काम कर रहा हो।

- युद्ध में भाग ले चुका हो या ख़तरनाक ड्यूटी कर चुका हो।
- सम्मानीय या साधारण सेवामुक्त हो, ड्यूटी पर तैनात हो या रिजर्व में हो।
- अपराध का आरोप विचाराधीन हो।
- कानूनी रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका का निवासी हो या नागरिक हो।
- फोर्ट बेंड काउंटी या उसके आसपास की काउंटी का निवासी हो।
- मानसिक स्वास्थ्य, TBI (ट्रॉमेटिक ब्रेन इंजरी), और/ या नशीले पदार्थों का सेवन जो कि आपराधिक वारदात से संबंधित है।
- VA (वेटरंस अफेर्ज़) सेवाओं के लिए पात्रता हो।
- डिस्ट्रिक्ट एटॉर्नी (DA) का अनुमोदनः अंतिम अनुमोदन के लिए Fort Bend County District Attorney's Office (फोर्ट बेंड काउंटी जिला एटॉर्नी कार्यालय) द्वारा सभी मामलों की समीक्षा की जाएगी।

अपवाद:

- उत्तेजना में किए गए हमले को छोड़कर, यौन अपराध, नशीले पदार्थों की डिलिवरी, या सभी 3G अपराधों में लंबित मामला।
- उत्तेजना में किए गए हमले को छोड़कर, यौन अपराध या 3G अपराधों में पहले दोषी पाया गया हो या ऐसे मामले में न्यायिक निर्णय स्थगित हुआ हो।
- व्यक्ति गंभीर रूप से और लगातार मानसिक रूप से बीमार हो और इन सुधार कार्यक्रमों में भाग लेने में अक्षम हो।
- पहले कभी, वेटरंस कोर्ट से निकाल दिया गया हो या वेटरंस कोर्ट प्रोग्राम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया हो (ग्रेजुएशन)।
- संयुक्त राज्य अमेरिका सशस्त्र बल से असम्मानजनक तरीके से सेवामुक्त किया गया हो।

सिफ़ारिश/रेफ़रल:

कई तरह के स्रोतों से लोगों की सिफ़ारिशें स्वीकार की जाती हैं और इनमें कानून प्रवर्तन संस्थाएँ (लॉ एन्फ़ोर्समेंट), जेल कर्मचारी, न्यायाधीश, प्रतिवादी के एटॉर्नी, अभियोजक, मानसिक स्वास्थ्य प्रोफ़ेशनल, और परिवार या दोस्त भी शामिल हैं।

इस कोर्ट में दाखिल होने वाले लोगों को ट्रायल के पूर्व हस्तक्षेप, स्थगित न्यायादेश या कम्यूनिटी सुपरविज़न पर रखा जा सकता है। वेटरंस कोर्ट तीन चरणों वाला कार्यक्रम है। प्रत्येक चरण में कई तरह के क्रियाकलापों को सफलतापूर्वक पूरा करना होता है। यह प्रोग्राम 24 महीने तक का है। फ़ोर्ट बेंड काउंटी वेटरंस कोर्ट प्रोग्राम में एक

कोर्ट डॉकेट होगा, जिस पर महीने में एक दिन सुनवाई होगी। माननीय न्यायाधीश मैकमीन्स वेटरंस कोर्ट में पीठासीन हैं।

वेटरंस कोर्ट टीम में एक न्यायाधीश, अभियोजक, प्रतिवादी के एटॉर्नी, एक कम्यूनिटी सुपरविज़न ऑफ़िसर, केस प्रबंधक, और Veterans Administration Medical Center (वेटरंस ऐड्मिनिस्ट्रैशन मेडिकल सेंटर) के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। वेटरंस कोर्ट की टीम की एक ख़ासियत MEDVAMC Jail Diversion Team (MEDVAMC जेल डाईवर्ज़न टीम) है, जिसमें वेटरंस जस्टिस आउचरीच (VJO) कोओर्डिनेटर/कोर्ट लीऐज़ान और एक फोरेंसिक सायकायट्रिस्ट (फोरेंसिक मनोचिकित्सक) शामिल है।

जेल डायवर्शन टीम, मनोरोग, मनो-सामाजिक और नशीले पदार्थों के दुरुपयोग से संबंधित सेवा की ज़रूरतों का आकलनकरके विस्तृत मूल्याँकन मुहैया कराएगी, और वेटरंस (भूतपूर्व सैनिकों) को उचित उपचार और पुनर्वास सेवाओं से जोड़ेगी। VJO कोऑर्डिनेटर उपचार के अनुपालन को देखेंगे और समायोजन करेंगे, मनोविज्ञानी मानसिक उपचार की जरूरतों को देखेंगे और यह उपचार टीम एक साथ मिलकर वेटरंस कोर्ट टीम को व्यक्ति की प्रगति रिपोर्ट सौपेंगे।

Fort Bend County Veterans Court टीम में निम्न शामिल हैंः न्यायाधीश: माननीय
जेफरी ए. मैकमीन्स
असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट एटॉर्नी: थॉमस पफेफर, 281-341-4497
वेटरंस एडमिनिस्ट्रेशन जस्टिस आउटरीच स्पेशलिस्टः वाडे कूपर, 713-791-1414 (25874); 832-390-9026
प्रतिवादी के एटॉर्नी: जेफ़ कार्टर और ली कॉक्स
कम्यूनिटी करेक्शंस ऑफ़िसर: कैरी नेक्विस्ट, 281-403-8061

<u>प्रोग्राम का खर्चः</u>

प्रोग्राम के मुताबिक फ़ीस $1000 तक उपचार सेवाओ के खर्च, जो नशीले पदार्थ के सेवन के लिए पेशाब की जाँच, मूल्याँकन, इनपेशंट/आउटपेशंट उपचार, काउंसिलिंग इत्यादि का खर्च भी शामिल है, पर खर्च इन्हीं तक सीमित नहीं हैै, सेवानिवृत्त को इन खर्चों का वहन करना पड़ सकता है।

<u>प्रोटोकोल:</u>

फोर्ट बेंड काउंटी वेटरंस कोर्ट में तीन (3) चरण शामिल हैं और इसे पूरा होने में चौबीस (24) महीने तक लग सकते हैं। प्रत्येक चरण की जरूरतों के अतिरिक्त, पीठासीन न्यायाधीश यह अधिकार रखते हैं कि वह कुछ ऐसे व्यक्तिगत लक्ष्य निर्धारित कर सकते हैं जिन्हें कोर्ट में अगली पेशी से पहले पूरा किया जाना जरूरी हो। वेटरंस कोर्ट कम्यूनिटी सुपरविज़न ऑफ़िसर कोर्ट में पेशी से पहले सभी लक्ष्यों की समीक्षा करेंगे और चरण के पूरा होने और उसकी सफलता के आधार पर सिफारिशें तय करेंगे। सेवानिवृत्त का एक चरण से दूसरे चरण में जाना, चरण पूरा

करने में लिया गया समय, प्रत्येक चरण की जरूरतों को सफलतापूर्वक पूरा किए जाने और टीम की सिफारिशों पर निर्भर करेगा।

चरणः

पहला चरण - 6 महीने तक

कम्यूनिटी सुपरविज़न ऑफ़िसर के साथ महीने में तीन (3) बार आमने-सामने मुलाक़ात करें। इन तीन में से एक मुलाक़ात सेवानिवृत्त के घर या किसी अन्य स्थान पर होनी चाहिए।
महीने में एक बार न्यायाधीश के सामने पेश हों। तय किए
गए उपचार प्रोग्राम के मुताबिक काउन्सलर को रिपोर्ट करें।

चरण दो - 6 महीने तक

कम्यूनिटी सुपरविज़न ऑफ़िसर के साथ महीने में दो (2) बार आमने-सामने मुलाक़ात करें। इन दो में से एक मुलाक़ात सेवानिवृत्त व्यक्ति के घर या किसी अन्य स्थान पर होनी चाहिए।
महीने में एक बार न्यायाधीश के सामने पेश हों। तय किए
गए उपचार प्रोग्राम के मुताबिक काउन्सलर को रिपोर्ट करें।

चरण तीन - 12 महीने तक

कम्यूनिटी सुपरविज़न ऑफ़िसर से महीने में एक बार मुलाक़ात करें। महीने में एक
बार न्यायाधीश के सामने पेश हों।
तय किए गए उपचार प्रोग्राम के मुताबिक काउन्सलर को रिपोर्ट करें।

प्रतिबंध और प्रोत्साहन:

उपचार की सिफारिशों को पूरा करने में असफल रहने पर , वेटरंस कोर्ट प्रोग्राम नियमों या नए अपराध करने के परिणास्वरूप प्रतिबंध लग सकते हैं। प्रोग्राम उल्लंघन और प्रतिबंधों में निम्न शामिल हैं, लेकिन यह सिर्फ इतने तक सीमित नहीं हैः

उल्लंघन

- उपचार की तय मुलाक़ातों को छोड़ना
- प्रोबेशन की तय मुलाक़ातों पर न जाना
- कोर्ट पेशी में गैर-हाज़िरी
- नशीले पदार्थों और/या शराब का सेवन
- पेशाब की जाँच के लिए नमूना देने से मनाही
- पेशाब की जाँच में नशे की पुष्टि होना

- बताई गईं दवाओं का सेवन न करना या सेवन से मनाही
- उपचार कार्यक्रम के नियमों का उल्लंघन
- कर्फ्यू समेत आवास प्रदान करने वाले नियमों का उल्लंघन
- घातक व्यवहार जिसमें मौखिक तौर पर दी गई हिंसा की धमकी शामिल
- उपचार की सिफारिशों से किसी भी अन्य रूप में असहयोग
- प्रोबेशन के नियमों व शर्तों का उल्लंघन

<u>प्रतिबंध</u>

- एक निबंध लिखने के लिए दिया जाए
- मौखिक चेतावनी
- जाँच के लिए पेशाब के नमूने लेने की संख्या बढ़ाई जाए
- कोर्ट में पेशी बढ़ाई जाए
- प्रोबेशन और/या प्री-ट्रायल रिपोर्टिंग को बढ़ाया जाए
- 12 स्टेप या सपोर्ट ग्रुप्स मीटिंग्स बढ़ाई जाए
- उपचार में मिल रही सुविधा हटाई जाए
- घर पर मिल रही सुविधा हटाई जाए
- कारावास की सजा दी जाए
- कर्फ्यू लगाया जाए
- कम्यूनिटी सर्विस
- अति प्रतिबंधित प्री-ट्रायल सर्विसेज़ प्रोग्राम
- वर्तमान चरण को दोबारा शुरू किया

<u>प्रोत्साहन</u>

निर्धारित उपचार योजना, वेटरंस कोर्ट प्रोग्राम के नियम, Fort Bend CSCD के नियम, अगर लगाए/लागू किए जाते हैं तो, न्यायाधीश के ऑर्डर, और प्रोग्राम में भागीदारी से जुड़ी अन्य सभी शर्तों और आवश्यकताओं के पालन के लिए पीठासीन न्यायाधीश द्वारा प्रोत्साहन स्वरुप कोई चीज़ या फ़ायदा (इंसेंटिव) प्रदान किया जा सकता है। प्रोत्साहन में निम्न शामिल हैं, लेकिन इतने तक ही सीमित नहीं हैंः

- न्यायाधीश से प्रशंसा, वाहवाही और मान्यता।
- गिफ्ट कार्ड्स या गिफ्ट सर्टिफिकेट्स।
- कम्यूनिटी सुपरविज़न ऑफ़िसर के सामने पेश होने में कमी।

- वेटरंस कोर्ट सेशंस में पेशी में कमी।
- सेल्फ़-हेल्प मीटिंग्स जैसे AA (अल्कोहॉलिक्स अनोनिमस) या NA (नारकोटिक्स अनोनिमस) में भागीदारी करने में कमी।
- उपचार की जरूरतों में कमी।
- अतिरिक्त कम्यूनिटी सर्विस के घंटों से माफी।
- न चुकाए गए ज़ुर्माने में कमी या निलंबन।
- अगले चरण में।
- वेटरंस कोर्ट के समापन समारोह में ध्वजवाहक के रूप में भागीदारी।
- जाँच और/या उपचार से थोड़े दिन की छुट्टी।
- संयम या नशा-मुक्ति के प्रतीक चिह्न और पदक।
- ग्रेजुएशन कॉइन।
- ग्रेजुएशन पर मान्यता रिबन।
- वेटरंस कोर्ट प्रोग्राम से ग्रेजुएशन (वेटरंस कोर्ट प्रोग्राम सफलतापूर्वक पूरा कर लेना)।

वेटरंस कोर्ट के निर्देशानुसार एक उपचार योजना का पालन करना होगा, जिसमें नीचे दी गईं सभी, या इनमें से कुछ, चीज़ें शामिल होंगी (व्यक्ति की उपचार की ज़रूरतें बदलने पर उपचार संबंधी सलाह बदल सकती हैं)।

- अवैध नशीले पदार्थों और शराब से परहेज़
- उपचार का पालन
- नशीले पदार्थों के सेवन के उपचार कार्यक्रम में भागीदारी
- व्यहार स्वास्थ्य उपचार कार्यक्रम में भागीदारी
- सेल्फ़-हेल्प ग्रुप या कार्यक्रम में भागीदारी
- गहन या सहायक केस प्रबंधन सेवाएँ
- सहायक या नियोजित आवासीय सुविधा
- शिक्षा सेवाएँ
- रोज़गार या व्यावसायिक पुनर्वास
- एक VA केस मैनेज़र के साथ नियमित मुलाक़ात
- एक मनोचिकित्सक के साथ नियमित मुलाक़ात
- मनो-सामाजिक या मनोरंजनात्मक कार्यक्रम